स्टार्टअप यानेवो कंपनी जो पांच साल से अधिक समय से पंजीकृत नहीं है , जिसका सालाना कारोबार किसी भी वित्तीय वर्ष में 25 करोड़रुपयेसे अधिक नहीं है,जो प्रौद्योगिकी सेवा यया बौद्धिक सम्पदा के उत्पादों को बेचती है. 2016 में स्टार्टअप इंडिया योजना प्रारंभ हुई. तब के 442 स्टार्टअप्स साल 2023 में (28 फरवरी 2023 तक) 92,683 की संख्या को छू रहे हैं. यूनीकॉर्न अर्थात एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप. 108 यूनीकॉर्न की संख्या के साथ भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर आ गया है.

सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति इन 9 सालों में बेहद मजबूत हुई है. मंदिर, ट्रेन, बस, बाज़ार में बम धमाकों के दौर 2014 मेंसमाप्तहो चुके हैं. भारत-पाक सीमा मामले में अब पाकिस्तान चिंतित है. सेना बंधन मुक्त हैं, गोली के जवाब में तोपखाना सक्रिय हो जाता है. दो सर्जिकल स्ट्राइक केवल आतंकियों पर नहीं दुश्मन फौज की मानसिकता पर भी हुई हैं. पाकिस्तान में बैठकर भारत में खुराफात करवाने वाले दुर्दांत आतंकी एक-एक करके रहस्यमयी तरीके से मारे जा रहे हैं.

पाकिस्तान की आतंकी फंडिंग पर मुश्कें कसी जा रही हैं, आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक उसे खून के आँसू रुला रहे हैं. चीन को डोकलाम और गलवान में दोहरा सबक मिला है. हिंद महासागर में भारत ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर हिंद महासागर और प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षित बनाया है. इस बीच रक्षा उत्पादन इतिहास में शीर्ष पर है और भारत की रक्षा खरीद देखकर दुनिया अचरज में है. कहने की आवश्यकता नहीं कि मोदी के पिछले 9 साल चीन और पाकिस्तान को बहुत भारी महसूस हुए हैं. इन 9 सालों में भारत कई सौ कदम आगे आया है.

बिनय कुमार सिंह

लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन में सीनियर रिसर्च फैलो हैं।

Development with Democracy: How nine years of Modi Government is challenging long-held geo-political narratives

The last nine-years have seen a transformational shift for India in in economic and geo-political terms. Many foreign and some Indian commentators would reject the above statement as hyperbole. Some of them would grudgingly admit that Prime Minister Modi has indeed undertaken some very significant reforms and implemented large-scale developmental schemes successfully. But their unwillingness to acknowledge the true measure of these initiatives are due entrenched geo-political assumptions on the nature of democracy and economic development. Let me explain why.

Ever since Indian emerged as a free, democratic nation-state in 1947, western commentators have doubted the ability of a relatively poor, non-western country to be a democracy and undertake significant economic reforms to lift its millions out of poverty at the same time. The rise of authoritarian Asian 'tigers' like Korea and Taiwan in the 1970s, followed by China starting the 1980s, and the relative stagnation of India was seen as proof of this. China has indeed been the main counterpoint.

The accepted narrative has been that authoritarian China has been successful in delivering economic growth, and more importantly delivering the fruits of that economic growth in terms of better quality of life, infrastructure and opportunities for most of its citizens. This is in contrast with India, where a democratic system, though theoretically more able to holds its rulers accountable to the needs of its common citizens, failed to do so for decades after independence.

Western economic and political stakeholders had a vested interest in providing legitimacy to this narrative of Chinese state-led success. The Chinese market with its millions of middle-class consumers was a force to reckon with, and China was increasingly a vital cog in the wheel in the global value-chains dominated largely by western (and Japanese) multi-nationals.

This narrative of success of the Chinese state (and in contrast the failure of democratic India) had three vital components. These were:

1.Economic efficiency: The state successfully delivered large-scale infrastructure required for rapid economic growth, and ensured ease of doing business that led to investment, industrialization and job creation.

2.Effective delivery of socio-economic benefits: The state ensured that the fruits of economic growth reached a wide section of society. There were significant improvements in the quality of health and education services, low-cost public housing, public transport and other civic amenities.

3.Effective management of provincial governments: The party encouraged competition among states for investments and economic opportunities, while at the same time ensuring adequate control over provincial governments to effectively implement government led programs.

In light of these successes, it was easy to cast democratic India has a relative failure. But for the brief period under Prime Minister Vajpayee, infrastructure development seriously lagged behind economic needs. Ease of doing business was never a genuine priority, and a combination of red-tape, poor governance and sub-par infrastructure made India relatively unattractive as an investment destination.

The quality of delivery of India's socio-economic infrastructure and social welfare schemes, especially for its low-income population was well below average considering the amount of money that was being spend. Corruption, poor management and lack of transparency were endemic problems, and there was very little original thinking in policy-making circles to undertake substantive reforms to address these systemic challenges. Even more incredibly, even after decades of independence millions of Indian still did not have access to some of the most basic amenities that citizens in other lower-middle income economies would take for granted. Access to toilets, piped water, electricity, and a decent public transport system in most of India's cities simply did not exist.

This failure was visible even in places where you would least expect to find it. There was a sense of shameful dereliction in India's public places. This author had spent hours sitting in the waiting rooms of the Ministries of Commerce, Finance, and Transport staring at peeling plasters in walls, leaking air-condition vents, mice under the sofas and dirty toilets in the corridors. This was in sharp contrast to the beautifully maintained chambers of high officials and ministers, who also had their own special toilets.

It was therefore not difficult to portray India as an imperfect democracy that had largely failed its citizens, where the electoral choice was somehow at the end of the day meaningless because the state continued to be mostly unresponsive to the aspirations of its millions. And it was feudal enough to not care and make public show how it took its common citizens for granted-the horrible dereliction of its railway stations, bus depots, airports, roads, hospitals and even waiting rooms in its corridors of power.

And then something changed in 2014. Prime Minister Modi came and started talking about toilets. Nobody perhaps realized then, but that was the beginning of a quite but radical shift that was going to upend this narrative of failure of India, and by extension the failure of democracy as a system in low-income societies.

The most important initiatives under Prime Modi starting in 2014 has been designed to address the systemic problems that had led to India's consistent under-performance over the years. These included:

1.Jan Dhan-Aadhar-Mobile (JAM) trinity: JAM completely overhauled the system of delivery of social benefits and welfare programs, minimizing leakage, reducing the possibility of corruption and bringing in transparency. The money being spend by government was actually reaching the intended beneficiaries.

2.Design and effective delivery of massive social-welfare schemes and infrastructure: When Prime Minister Modi set ambitious targets, many observers, including this author, did not believe that they would be feasibly achieved in such a short period of time. But toilets have been built in most Indian homes, millions of homes have access to amenities like electricity and piped water. The world's largest public healthcare insurance system has been operationalized in the form of Ayushman Bharat. All Indian villages would have 4G connection by 2024, and most of them would have connectivity through broadband optical fibre (2.5 lakh villages already have!).

3.The achievements in the development of physical infrastructure are equally impressive. All Indian state capitals will have a railway link by 2024, and full electrification of our broad-gauge railway would be achieved by 2023 end. More roads have been built in the last 9 years than decades combined previously. Starting from almost nothing, India has one of the most extensive and fastest growing expressway networks of any country in the world. The speed of implementation for economic infrastructure, whether dedicated freight corridors or newer and more modern ports has been unprecedented. More than 20 Indian cities would have a working mass-rapid-transport system (MTS) by 2025.

Prime Minister Gati Shakti is a landmark program with few parallels globally in terms of ambition and scale of delivery, seeking to provide effective multi-modal connectivity to all Indian urban and industrial centres, power stations, mines, village mandis and social sector infrastructure like schools, hospitals, tourism and pilgrimage centres.

4.The success in the field of economic governance is making the world sit up and notice. From first day in office, the Prime Minister set a clear target. He wanted to reduce the time, complexity and hassle of doing business in India. He realized that such transaction costs hit the smaller entrepreneurs the most, the bigger firms being more able to 'manage' the system. That India's ranking in the World Bank's Ease of Doing Business indicator improved from a lowly 142 to 63 currently is an independent testimonial to the overall success of these reforms. But this is just the beginning. Digital initiatives like the National Single Window (NSW) that includes state government level governance reforms, and the Unified Logistics Information Portal (ULIP) that brings comprehensive sectoral focus on e-governance and transparency are being seen as global benchmarks in terms of the scope and scale of operations

5.Last but certainly note the least, Prime Modi effectively inculcated an eco-system of co-operative federalism, where state and centre worked hand in hand for the implementation of major social and economic initiatives.

The success of these major national programs in such a short-time, meeting the seemingly impossible targets set by the Prime Minister is the testimonial to the effectiveness of this co-operation. In India's federal system on ground implementation would have been impossible without having the states on board. But PM Modi also introduced an element of competitive federalism. He did this purely through what is called 'nudge' economics. By developing metrics for rankings of states, and making these metrics available to public though multiple digital mediums, and through effective communication, the Prime Minister brought the spotlight on performance of state governments, making them accountable to their people. States have since been compelled to push their own performance through improved governance, and actively compete for investments and infrastructure projects.

These last nine years have restored the dignity of the Indian citizen. After decades of being insulted by pictures of public defecation, derelict infrastructure, and lectures on its inability to deal with extreme poverty from global 'experts', India is finally claiming back its self-respect.

These reforms have therefore restored the confidence in our democratic system to deliver. The argument that you need authoritarian regimes to deliver on the promise of economic development and social welfare in lower income economies is no longer valid. And last nine years has also shown that one can build infrastructure, in scale and speed, without sacrificing the democratic rights of people over land or compromising on genuine civil society concerns on environment.

The entire narrative of authoritarian efficiency vis-à-vis democratic chaos in non-western low-income societies has been discredited by the last 9 years of Modi government. Nothing underlined that better than democratic India's pandemic response and its performance compared to both authoritarian states in developing societies and western democracies. Whether the pace and efficiency of vaccination, or responding the critical health emergencies, India should head and shoulders over the world, despite the sheer size of population it had to cater to.

And this brings us to why the last 9 years of socio-economic development represents a geo-political shift. Two meta-narratives that dominated the world for decades have been demolished. The first meta narrative was that democracy was largely suitable for well to do western societies. While never explicit, there was an ingrained element of racism here. The evolution of democracy was seen as largely a western experience, informed not just by higher levels of economic achievement, but also societal characteristics unique to western (and Christian) societies. Strands of this argument are found starting from Max Weber in the early 20th century to more recent popular writings of authors like Niall Ferguson.

The second meta-narrative is one that is being pushed by the Chinese state and its supporters in the west. The basic idea being that a combination of authoritarian government and market economy is a successful model for developing economies, with China being its best example. Authoritarian governments, as long as they work towards economic development and social improvement, have complete legitimacy.

Democracy, freedom of speech, and a rule of law based on a constitution that holds even the rulers accountable are 'western' imports not entirely suitable to the political eco-systems of Asia, Africa and other non-western countries. The two narratives complement and feed of each other.

The nine years of Prime Minister Modi has now established a third powerful narrative-that development is not only possible in a low-income democracy, it is indeed the only sustainable means of long-term socio-economic development. Only an open, democratic system allows for evolution of bottom-up economic and social policies that are genuinely reflective of peoples aspirations.

The economic shock of the pandemic, and opportunistic behavior of the Chinese state in bending rules of international trade to its advantage has created a sense of disquiet among western businesses. This has been extravagated by the way the Chinese state has dealt with foreign firms invested in China, and indeed large Chinese private firms. It has been made clear that there is no rule of law, no independent courts, the Party and State are in complete control. The same vested economic interests in the west are keen to de-link from China and are looking at India with renewed interest and enthusiasm.

Indeed, two critical underlying themes of the G20 Summit this year are India as a voice of the global south, and India as a mother of democracy. In combination, this is the third powerful geo-political narrative. The message is that Indian democracy is rooted in Indic traditions and that democracy is a not a monopoly or invention of the west. Democratic institutions evolved in India at a similar or even earlier times than Greece. As did ideas of corporate independence and objective corporate governance for business.

India is offering an alternative as a major global power. An alternative of democracy that is rooted in non-western local traditions, respectful of local sensibilities and culture, while at the same time committed to the principles of free electoral choice, free speech, and free enterprise based on rule of law.

Many are not comfortable with the rise of this third alternative narrative. Large sections of the western media are therefore trying to undermine both the performance of Indian democracy and the genuine socio-economic achievements of the Modi government. News anchors in CNN, NBC, BBC, Deutsche Welle etc. or the editorials in New York Times, Washington Post, Guardian or Le Monde never tire of repeating that human rights, democracy, rule of law, respect for women, free markets-all of these are 'western values'. Like any good propaganda, this is repeated as nauseam in many different and subtle ways. Any challenge to what is essentially a narrative of western civilizational and geo-political dominance will not be taken lightly.

It comes as no surprise therefor that there has been a spate of reports that have ranked India poorly on various rankings related to freedom and democracy. A number of articles and papers, often by so called 'eminent' economists and social scientists have questioned India's ability for sustained economic growth and social change. This is precisely the backlash that can be expected as democratic, low-income, multi-ethnic India rises as a major economic power in the world stage.

The last nine-years are but the first steps towards India re-claiming the goals it has started out with in that fateful midnight 75 years ago. To be a democratic and prosperous nation that is able to fulfill the aspiration of its millions. But it is also a major achievement in geo-political and strategic terms. The achievements of the last nine years give India the ability and legitimacy to offer an alternative vision to rest of the world. The G20 Summit later this year would provide the platform to present this vision. And the decades that will follow will be the time to consolidate our social and economic transition-the Amrit Kaal where India fulfills her tryst with destiny, this time wholly and substantially.

Dr. Pritam Banerjee
Senior Research Fellow with
Dr Syama Prasad Mookerjee
Research Foundation.

दूरगामी सुधारों को लागू करने में कामयाब रही मोदी सरकार

इसे विडंबना ही कहेंगे कि कृषि प्रधान देश भारत में खेती-किसानी कभी फायदे का सौदा नहीं रही। हां, एक बड़ी आबादी का भरण-पोषण करने में वह जरूर सक्षम थी। लेकिन 1991 में शुरू हुई उदारीकरण-भूमंडलीकरण की नीतियों के तहत खेती की यह क्षमता भी कम होती गई जिससे वह घाटे का सौदा बन गई। इसके बाद अन्नदाता किसानों की आत्महत्याओं का दौर शुरू हो गया। सरकारों ने इस समस्या के समाधान के बजाए महानगरों को जोड़ने वाली लंबी दूरी की रेलगाड़ियां चलाई जिससे पलायन को बढ़ावा मिला।

2014 में सत्ता में आने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेती को फायदे का सौदा बनाने में जुट गए। इसके लिए दीर्घकालिक उपायों की शुरूआत की गई ताकि खेती की लागत में कमी आए। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री ने कृषि उपज के विपणन-भंडारण-प्रसंस्करण को आधुनिक बनाने पर ध्यान दिया ताकि उपज की बरबादी रूके और उपज की लाभकारी कीमत मिले।

रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित इस्तेमाल को रोकने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की गई। अब तक 22 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इससे देश में मिट्टी की गुणवत्ता जांच की एक बहुत बड़ा नेटवर्क तैयार हुआ है। नीम कोटेड यूरिया की शुरुआत से न केवल पड़ोसी देशों को होने वाली यूरिया की तस्करी रूकी बल्कि उसकी क्षमता में भी बढ़ोत्तरी हुई। अब सरकार नैनो यूरिया को बढ़ावा दे रही है ताकि देश यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर बने।

प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सिंचाई के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों पर सब्सिडी दी जाती है। किसानों को साहूकारों से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार संस्थागत ऋणों में भरपूर बढ़ोत्तरी किया है।

2022 में सरकार ने 18.5 लाख करोड़ रुपये का कृषि ऋण वितरित किया गया जो कि 2014 में मात्र 8.5 लाख करोड़ रुपये था। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए 2015-16 में परंपरागत कृषि विकास योजना शुरू की गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने मोटे अनाजों को श्रीअन्न नाम दिया। श्री अन्न को लोकप्रिय बनाने के कार्यक्रमों भारत सबसे आगे है। जलवायु परिवर्तन और बदलते मौसम चक्र से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए मोटे अनाज उम्मीद की किरण जगाते हैं। यही स्थिति दलहनी-तिलहनी फसलों की है जिन्हें हरित क्रांति के दौर में अनुर्वर भूमियों पर धकेल दिया गया। इसी को देखते हुए मोदी सरकार गेहूं-धान के बजाए मोटे अनाजों और दलहनी-तिलहनी फसलों के समर्थन मूल्य में भरपूर बढ़ोत्तरी के साथ-साथ इनकी सरकारी खरीद का नेटवर्क तैयार कर रही है। उदाहरण के लिए 2014 से 2022 के बीच जहां गेहूं के एमएसपी में 47 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई हुई वहीं चना में 68 प्रतिशत, सरसों में 76 प्रतिशत, कुसुम में 85 प्रतिशत और मसूर में 95 प्रतिशत।

सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का अभियान शुरू किया ताकि पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम की जा सके और पर्यावरण प्रदूषण में कमी आए। 2013-14 में सिर्फ 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण होता था जो कि अब 10 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सरकार ने पेट्रोल में दस प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा से पांच महीने पहले हासिल कर लिया। इससे किसानों को आठ वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। इससे उत्साहित सरकार ने 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है। पहले यह लक्ष्य 2030 तक हासिल किया जाना था। इसी तरह मोदी सरकार कचरा व गोबर से बायोगैस-सीएनजी बनाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है।

मोदी सरकार किसानों को फसल उत्पादन से आगे बढ़ाकर बागवानी, मछली पालन जैसी आयपरक गतिविधियों में शामिल करना चाहती है। इसके लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन की शुरुआत की गई है। इसी तरह किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए डेयरी उद्यमिता विकास योजना शुरू की गई है। सरकार के इन प्रयासों के नतीजे दिखने लगे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 77वें दौर के अनुसार खेती से होने वाली आय के स्रोतों में काफी विविधता आई है और अब वह केवल फसली खेती व पशुपालन तक सीमित नहीं है।

किसानों को प्रत्यक्ष नकदी समर्थन देने हेतु प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना शुरू की गई है। इससे तहत 11.3 करोड़ किसानों को हर चौथे महीने 2000 रुपये की तीन किस्तों में हर साल 6000 रुपये दिए जाते हैं। इस योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।

मोदी सरकार का सबसे ज्यादा जोर विपणन सुधारों पर है। राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई नाम) के साथ–साथ सरकार फल-सब्जी, दूध, मछली जैसे जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं के शीघ्र परिवहन हेतु किसान रेल व किसान उड़ान की व्यवस्था की है। राष्ट्रीय स्तर पर कृषि उपज के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र ने राज्यों से खाद्यान्न कारोबार पर मंडी शुल्क में एकरूपता लाने की सलाह दी है। इससे जिंस बाजार एकीकृत नहीं हो पाता है जिसका दुष्प्रभाव खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर पड़ता है।

समग्रत: मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में खेती-किसानी में दूरगामी सुधारों को लागू किया ताकि खेती फायदे का सौदा बने और गांवों में कृषि आधारित उद्योग-धंधों की शुरुआत हो। इसके परिणाम दिखने लगे हैं। पिछले नौ वर्षों में न केवल किसान आत्महत्याओं में कमी आई बल्कि कृषि बाजार के उदारीकरण से किसानों की आमदनी बढ़ी और कृषि उपजों का निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच गया।

रमेश दूबे
लेखक केंद्रीय सचिवालय
में अधिकारी हैं।

मजबूत अर्थव्यवस्था से आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बन रहा है भारत

नरेंद्र मोदी जी 25 मई, 2023 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 9 वर्ष पूर्ण कर लेंगे । इस लंबी अवधि के दौरान मोदीजी की सरकार ने आर्थिक नीति के मोर्चे पर अनगिनत साहसिक निर्णय लिए हैं। जिसकी वजह से भारत की गणना विश्व के अग्रिम और संभावना वाले देश के तौर पर की जा रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में देखें तो वर्ष 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी। आज जब देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृतकाल के दौर में प्रवेश कर चुका है, हम ग्लोबल इकोनॉमी में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। भारत ने युनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ा है और ये मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की बेहद बड़ी सफलता है।

जब 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई तो वैश्विक जीडीपी में भारत का हिस्सा 2.6 फीसदी पर रहा था, आज इसे देखें तो ये बढ़कर 3.5 फीसदी पर आ चुका है।निश्चित रूप से आजादी के 75वें वर्ष में ये आंकड़ा देश का हौसला बढ़ाने का काम करता है। 2014 से लेकर अब तक देश के गुड्स एंड सर्विसेज (जीएसटी) कलेक्शन में 22 फीसदी की वृद्धिहुयी है। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर भारत सरकार का जो आर्थिक संकल्प है, ये आंकड़े उसे दर्शाते है।

भारत के इस अमृत काल में मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देश में कोई भूखा ना सोने पाए। आज सक्षम नेतृत्व की वजह से देश की 80 फीसदी जनसंख्या को 5 किलो चावल और एक किलोग्राम दाल मुहैया करने के संकल्प की पूर्ति हो रही है। मोदी सरकार की पूरी कोशिश है कि विकास का लाभदेश के सभी नागरिकों को मिले। ओर इस आर्थिक विकास में देश के नागरिको की सहभागिता भी मोदी जी ने सुनिश्चित की है उदाहरण के तौर पर देश में जीएसटी का कलेक्शन भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन ने सारे पुराने रेकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। विगत माह यह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पहला मौका है जब किसी महीने जीएसटी 1.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ा है।

साथ ही एफडीआई इनफ्लो का असर वित्तीय वर्ष 2022 में 83 बिलियन डॉलर का रहा जोकि अपने आप में एक रिकॉर्ड है साथ ही साथ मोदी सरकार की यह एक बड़ी उपलब्धि भी है।

तमाम राष्ट्रीय एजेंसियां और वित्तीय संस्थान भी भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर में तेजी को स्वीकार कर रहे हैं। हाल ही में मोर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2022-23 में भारत की इकोनॉमी पूरे एशिया में सबसे तेज गति से विकास करेगी। मोर्गन स्टेनली के अनुसार इसी के साथ एशिया की ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत और विश्व की ग्रोथ में 22 प्रतिशत रहेगी। मोर्गन स्टेनली ने यह भी कहा है की मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 7 फीसदी औसतन रहने का अनुमान है जो विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।वर्ष 2014 से पहले, भारत 'फ्रैजाइल फाइव' देशों में से एक था, यह शब्द निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने ही गढ़ा गया था। आज हम उस श्रेणी से निकलकर विश्वकी 'फैबुलस फाइव' अर्थव्यवस्थाओं में सहभागी हो गए हैं । मॉर्गन स्टेनली के प्रबंध निदेशक श्री चेतन अह्या द्वारा वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण पर हाल ही में प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत 2027 तक अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी । अगले दस वर्षों में भारत की जीडीपी बढ़कर 8.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगी । यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत विश्व के लिए आशा और विश्वास का केंद्र बन गया है ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उनकी सरकार की प्राथमिकता में देश को उपभोक्ता से उत्पादक देश बनाने की तय की थी।इस हेतु मेक इन इंडिया समेत वोकल फ़ॉर लोकल एंड ग्लोबल जैसे कई अभियानों को चलाया गया। इसमें भारत ने उपलब्धि प्राप्त की जिससे निर्यात काफी बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2022 के आंकड़ों को देखे तो मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट 421 मिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच गया है . 'मेक इन इंडिया' और 'पी.एल.आई. स्कीम' के कारण वस्तुओं के निर्यात में 100 अरब डॉलर से अधिक की बढ़ौतरी हुई। वर्ष 2013-14 में 312 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था और जो वर्ष 2021-22 में आर.बी.आई. के आंकड़ों के अनुसार 421 अरब डॉलर का रहा। साथ ही सर्विस सेक्टर में एक्सपोर्ट 254 मिलियन डॉलर के आंकड़े को प्राप्त किया है।

भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स के मुताबिक जहाँ अमेरिका, चीन और फ्रांस जैसे विकसित देशों पर भी मंदी का खतरा मंडरा रहा है वहीं भारत में मंदी की संभावना शून्य है। इंग्लैंड में मंदी की सबसे अधिक आशंका यानी 75 फीसदी है. वहीं न्यूजीलैंड 70 फीसदी आशंका के साथ दूसरे और अमेरिका 65 फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर है। यहाँ तक की भारत की सबसे बड़ी चुनौती और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में भी मंदी आने की आशंका इस साल 12.5 फीसदी है।

विशेषज्ञों के मुताबिक अगले तीन साल में भारत निवेश के लिए सर्वोत्तम स्थान है जहाँ गिरावट के आसार कम सबसे कम हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 9वर्षो के कार्यकाल में आर्थिक विकास की बदौलत भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके कारण देश आज आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है । इसमें जी.एस.टी. लागू करने से हमारी कर व्यवस्था में सुधार हुआ, जिससे सरकारी राजस्व में वृद्धि के साथ ही व्यापारी और आम लोगों को भी सहूलियत हुई। सभी गांवों का विद्युतीकरण किया गया, जिसके बाद लघु एवं कुटीर उद्योगों में वृद्धि हुई। 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'पी.एल.आई. स्कीम', 'दीवालिया कानून', 'ईज आफ डूइंग बिजनैस', 'डिजिटलीकरण' जैसे सुधार कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं। 'जनधन योजना' के कारण आज देश की अर्थव्यवस्था से पूरा देश जुड़ गया है।

वर्ष 2014 तक मात्र 2.45 करोड़ बैंक खाते थे, लेकिन वित्तीय समावेश के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना की शुरूआत की गई और इस योजना के तहत 45.41 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं और इनमें 1,67,145.80 करोड़ रुपए जमा हैं । डिजिटलाइजेशन में आज विश्व का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजैक्शन भारत में हो रहा है। मोबाइल का चिप कभी हम दूसरे देशों से आयात करते थे, आज हम इसके उत्पादन में विश्व में दूसरे नंबर पर हैं।

निश्चित रूप से मोदी जी के नेतृत्व में इन 9 वर्षो में भारत एक आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है जो सामूहिक कल्याण में विश्वास करता है।

अजय धवले
लेखक कॉर्पोरेट लॉयर हैं.
प्रतुस्त विचार निजी हैं.

मोदी सरकार के 9 वर्ष: जनजागरूकता से लेकर आर्थिक सुधार और राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर युवा कल्याण, हर दिशा में मोदी सरकार ने छोड़ी छाप

आगामी 23 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल को 4 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी प्रचंड बहुमत से लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले वे 2014 में देश की जनता द्वारा पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे। इस प्रकार उन्हें बतौर प्रधानमंत्री अब कुल 9 वर्ष पूरे होने वाले हैं। एक राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनकी करीब एक दशक की यह यात्रा बहुआयामी और बहुअर्थी रही है। भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसे बिरले नेता हुए हैं जिनके पास एक दूर दृष्टि की संपदा रही। अर्थात् ऐसे नेता जो केवल भाषणों तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने नवाचार किया और नई लीक का निर्माण किया। कहा जा सकता है कि मोदी भी इसी क्रम में आते हैं। आरंभिक समय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर वर्तमान दौर के योगी आदित्यनाथ तक नवाचार की शृंखला रही है। जहां तक मोदी की बात है, मोदी को हम एक युगपत नेता की संज्ञा दे सकते हैं। अर्थात् ऐसे नेता जिनके प्रधानमंत्री बनने से पहले और बाद के भारत में जमीन आसमान का अंतर आया है। सत्ता में तो वे और अधिक पहले से रहे हैं। सत्ता की ही बात करें तो उनको 22 वर्ष हो गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 2001 में दायित्व संभाला था। इसके बाद वे लगातार तीन बार मुख्यमंत्री चुने गए और जब राष्ट्र प्रमुख बने तब भी उनके दो कार्यकाल लगातार हुए हैं। भारतीय राजनीति के इतिहास में यह गौरवपूर्ण उपलब्धि पाने वाले वे पहले व्यक्ति हैं। चूंकि अब केंद्र में उन्हें 9 साल पूरे हो रहे हैं, ऐसे में एक आम नागरिक के तौर पर मन में इस जिज्ञासा का उठना स्वाभाविक है कि आखिर राष्ट्र निर्माण में मोदी का क्या और कितना योगदान है। नरेंद्र मोदी ऐसी शख्सियत हैं जिनके हिस्से में सदा चुनौतियां ही आईं हैं। जब मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी ने गुजरात संभाला था तब 2001 में राज्य विनाशकारी भूकंप की विभीषिका झेल रहा था। उजड़े हुए राज्य को संवारने का बीड़ा उठाकर मोदी ने अपनी अलग ही पहचान बना ली। इसके बाद आगामी दोनों कार्यकाल में उन्होंने गुजरात में निवेश सम्मेलन सफलतापूर्वक करवाए और गुजरात में व्यापक विकास कार्य करवाकर जल्द ही राज्य को देश के उन्नत, विकसित एवं प्रगतिशील राज्यों की कतार में ला खड़ा किया। ठीक ऐसा ही प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में भी हुआ। जब 2014 में उन्होंने पद संभाला था तब देश में संप्रग

सरकार के कार्यकाल की कारगुजारियों के काले निशान साफ देखे जा सकते थे। जनता आतंकी हमलों की दहशत से त्रस्त थी। देश आर्थिक घोटालों से त्रस्त था। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के ठीक पहले तक मनमोहन सिंह की सरकार में घोटालों का अंबार लग गया था। कॉमनवेल्थ घोटाला, टेलीकॉम घोटाला जो कि टूजी स्पेकट्रम घोटाले के नाम से जाना जाता है, कोल घोटाला जैसे कई घोटालों ने देश को खोखला कर दिया था। जहां तहां आबादी भरे इलाकों में होने वाले आतंकी हमलों से देश सिहर गया था। कांग्रेस की सरकार के इस लचर कार्यकाल में देश की दुर्गति किसी से छुपी नहीं है। इस पर भी केंद्र सरकार का रिमोट कंट्रोल किसी एक परिवार के हाथ में होने से देश की तो पूरी कमर ही टूट गई थी। ऐसे में प्रधानमंत्री बनते ही मोदी के सामने देश को इस बदहाली से उबारने की चुनौती थी। शपथ ग्रहण करने के बाद तुरंत बाद ही मोदी अपने देश निर्माण व सुधार के मिशन में जुट गए। संसद में पहली बार प्रवेश करते ही उन्होंने जिस प्रकार झुककर, सांष्टांग लेटकर सदन को प्रणाम किया था, उससे ही देश को यह संकेत मिल गया कि देश अब सही हाथों में है। 2015 में मोदी ने नवाचार आरंभ किया। गांधी जयंती से उन्होंने देश में स्वच्छता मिशन के रूप में एक नए आंदोलन का सूत्रपात किया। बीते 9 वर्षों में यह एक विराट जन आंदोलन व जन जागरूकता की जीवन शैली बन चुका है। देश भर के शहर, गांव, कस्बे अब स्वयं को साफ रखने की होड़ में हैं और इसी बहाने देश स्वच्छ हो रहा है। हर साल स्वच्छता के पुरस्कार वितरित किए जाने का ध्येय भी इस क्रम को, इस लय को बनाए रखना है। मोदी ने उसी दौरान जन धन योजना लागू की और समाज के निम्न वर्ग के तबके को बैंकिंग सेक्टर की मुख्य धारा से जोड़ा।

इसी दौरान सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति का सूत्रपात किया। स्टार्ट अप इंडिया के तहत देश में स्वरोजगार के अवसर खुले और मुद्रा योजना के तहत लोन मिलना शुरू हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोग स्वयं के घर का सपना साकार कर सके जिसमें उन्हें ढाई लाख रुपए की सब्सिडी भी मिली। अब आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत भी देश का युवा स्व रोजगार के आयाम छू रहा है। वर्ष 2016 में जब उरी आतंकी हमला हुआ तब देश भर में इसे लेकर गुस्सा था। मोदी सरकार की कुशल व त्वरित कार्यशैली के चलते भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसिक व गौरवशाली ऑपरेशन को साकार किया। इस घटना के बाद देश ही नहीं, दुनिया में भी मोदी की छबि की स्वीकार्यता बढ़ी।

इसी साल उन्होंने नोटबंदी जैसा बड़ा आर्थिक सुधार करके सबको चौंका दिया और काले धन के माफियाओं की कमर तोड़ दी। 2017 में जीएसटी को लागू करके एक बड़ा व्यापारिक सुधार किया। इसी समय अमेरिका में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें अमेरिकाआमंत्रित किया। मोदी व ट्रंप की गले मिलने वाली तस्वीर पर पूरी दुनिया की नज़रें जम गईं। चूंकि मोदी एक दशक बाद अमेरिका की यात्रा पर थे और इसे उनकी कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा गया क्योंकि अमेरिका ने ही उनकी यात्रा पर प्रतिबंध लगाया था और स्वयं ही आमंत्रित किया।

इससे मोदी की छबि ग्लोबल लीडर के रूप में मजबूत हुई। 2018 में मोदी ने तीन तलाक जैसी इस्लामिक कुप्रथा के खिलाफ कानून बनाया और संसद के दोनों सदनों यह पारित होकर कानून बना। मोदी सरकार ने ही देश में आधार कार्ड व पैन कार्ड को लिंक करने का अभियान शुरू जिससे हर नागरिक की पहचान सुनिश्चित हो गई। मोबाइल की फर्जी सिम,फर्जी बैंक खातों पर इससे अंकुश लगाने में सफलता मिली। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक सफलता पाई। इसमें कश्मीर से अनुच्छेद 370 का उन्मूलन और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का अदालती फैसला शामिल है। इसी साल पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद देश में 45 जवानों के बलिदान को लेकर आक्रोश था और प्रतिशोध की प्रबल उत्कंठा थी। सरकार के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना ने 12 दिन बाद ही बालाकोट एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकाने तबाह कर दिये और जवानों की शहादत का बदला ले लिया।

वर्ष 2020 फिर से बड़ी चुनौती लेकर आया जब कोरोना वायरस महामारी ने पूरी दुनिया में कोहराम मचा दिया। खतरे को भांपते हुए मोदी ने देशव्यापी लॉकडाउन लगाया और एक बड़ी आबादी को घातक वायरस की चपेट में आने से बचा लिया। हालांकि विपक्षी दलों ने इस दौरान भी उन्हें बहुत परेशान करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपनी एकाग्रता बनाए रखी। संक्रमण का असर कम होने पर पाबंदियों के साथ देश में चरणबद्ध रूप से अनलॉक की शुरुआत हुई और अर्थव्यवस्था पटरी पर आई। जब लॉकडाउन लगा था तब केंद्र सरकार ने जनता के लिए कई कल्याण कारी योजनाएं चलाईं। जन धन खातों में हर माह पैसे जमा करवाना, पीएम किसान योजना के तहत किसानों के खातों में 2 हजार रुपए की किश्त जमा करवाना, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई एवं जनरल प्रमोशन देना, ईपीएफओ द्वारा कर्मचारियों को 75 फीसदी अग्रिम राशि का भुगतान किया जाना व आयकर सहित अन्य मामलों में समय-सीमा बढ़ाई जाना इनमें मुख्य रूप से उल्लेखनीय हैं। सरकार ने एक से अधिक बार आर्थिक पैकेज की घोषणा की और गरीब लोगों के लिए अन्नपूर्णा योजना के तहत मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान किए गए। इसी साल सरकार ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निमार्ण कार्य का भूमिपूजन करके यह साबित कर दिया कि उनके लिए जन जन के आराध्य प्रभु श्री राम का नाम महज चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि उनकी आराधना मुख्य ध्येय है। जनवरी 2021 में देश ने स्वदेशी वैक्सीन के रूप में बड़ी सफलता हासिल की और कोरोना महामारी से निपटने की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि कोरोना की दूसरी प्रलंयकारी लहर में देश में बहुत जनहानि हुई लेकिन लहर के बाद देश में टीकाकरण अभियान ने गति पकड़ी और अब हमारा देश 100 करोड़ से अधिक डोज देने वाला दुनिया का अनोखा राष्ट्र बन चुका है। 2022 से 2023 के बीच मोदी सरकार ने पद्म पुरस्कारों को लेकर भी नवाचार किया है। अब पूर्ववर्ती सरकार की तरह अयोग्य एवं असंगत लोगों को गलत पुरस्कार नहीं दिए जाते बल्कि समाज के जमीन से जुड़े उन लोगों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने कई क्षेत्रों में जन जागरूकता की मिसाल कायम की है। कहा जा सकता है कि यह सरकार आम आदमी की सरकार है और आम आदमी का पूरा ध्यान रख रही है।

यह बात अलग है कि विपक्षी दलों ने कोरोना काल के पहले और बाद भी सरकार के अच्छे कार्यों से दुर्भावनावश दुष्प्रचार किया और जनता को गुमराह करने की कोशिश की। नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर देश भर में विपक्षी दलों ने हिंसा व नफरत का माहौल बनाया। शाहीन बाग जैसे कुत्सित उदाहरण सामने आए। दिलली के दंगे और बंगाल की हिंसा को कौन भूल सकता है। 26 जनवरी, 2021 का दिन देश के लिए काला दिन था जब तथाकथित किसान आंदोलन के नाम पर प्रदर्शनकारियों व असामाजिक तत्वों ने लाल किले पर बेजा कब्जा कर लिया। इन सब घटनाओं ये यह तो स्पष्ट संकेत मिलता है कि देश में सब कुछ अच्छा चल रहा है, इससे शहरी नक्सलियों के पेट में दर्द हो रहा है। अब तो भारत के खिलाफ सारी साजिशें विदेशों से तय होने लगी हैं। टूलकिट एक बड़ा हथकंडा बनकर सामने आया है। विपक्षी दलों के नेता, देश विरोधी मानसिकता वाले पत्रकार और फिल्म अभिनेता भी इस दुष्चक्र का हिस्सा बने हुए हैं।

कोरोना की वैक्सीन को लेकर भी भ्रम का माहौल बनाया गया लेकिन केंद्र सरकार ने व्यर्थ के विवादों पर ध्यान न देते हुए अपना विकास रथ जारी रखा। नतीजा आज सामने है कि आज भारत दुनिया के प्रगतिशील व उन्नत राष्ट्रों में शुमार है। निश्चित ही 2014 से लेकर 2023 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग में कई चुनौतियां आईं लेकिन केंद्र की मोदी सरकार अपने लक्ष्य, मिशन, विजन, कर्म और विकास यज्ञ से डिगी नहीं है। उम्मीद है अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा सरकार को जनता का पूरा साथ मिलेगा।

नवोदित सक्तावत

लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.
प्रस्तुत विचार निजी हैं.

विकसित और नए भारत की नींव

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में नौ वर्ष पूरे किए। सन्योग है कि नौंवी वर्षगांठ के ठीक पहले पापुआ न्यू गिनी ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। गवर्नर जनरल सर बाब दबाई ने पीएम मोदी को ग्रैंड कैम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु दिया। फिजी के प्रधानमंत्री सितीवेनी राबुका ने 'कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। चुनिंदागैर फिजी नागरिकों को यह सम्मान दिया गया है। नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग एक दर्जन सम्मान मिल चुके है। देश विदेश में मोदी मोदी की गूंज होती है। जबकि इस अवधि में दो वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ। इससे अभी संभलने का प्रयास चल रहा था तभी रूस यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है। अमेरिका व यूरोप के विकसित देशों में कई दशक कर बाद ऐसी मंहगाई देखी जा रही है। नरेंद्र मोदी सरकार ने तो इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी नि:शुल्क राहत वितरण योजना का संचालन किया। दुनिया का सबसे बड़ा नि:शुल्क टीकाकरण अभियान चलाया। इसके अलावा राहत के अनेक कार्य किये गए। जाहिर है कि परिस्थितियां प्रतिकूल रही है। दुनिया का कोई देश इससे बचा नहीं है। किंतु भारत का विपक्ष नकारात्मक राजनीति से बाहर निकलने को तैयार नहीं है। निष्पक्षता के नाम पर नकारात्मक प्रचार करने वाले पत्रकार भी इसमें शामिल है। वह बता रहे है कि नौ वर्षो में महंगाई की दर सर्वाधिक है किंतु उनके विश्लेषण में दुनिया की परिस्थिति शामिल नहीं है। यूपीए सरकार तेल उत्पादक देशों व कम्पनियों का कई लाख करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ गई थी। इसकी भरपाई भी वर्तमान सरकार को करनी पड़ रही है। इन नौ वर्षों में अनेक संवेदनशील समस्याओं का समाधान हुआ। यह सभी नरेंद्र मोदी सरकार के कारण ही संभव हुआ। यदि कोई अन्य सरकार होती तो इन मसलों पर चर्चा तक मुनासिब ना होती। कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेता श्री रामजन्म भूमि सुनवाई को टालने के लिए जमीन आसमान एक कर रहे थे। श्री रामजन्म भूमि का विवाद पांच शताब्दी पुराना था। कहा जा रहा था कि दोनों पक्ष सहमति से इसका समाधान निकालें या कोर्ट का फैसला माने। सहमति से समाधान असंभव था। मंदिर के विरोध में बाकायदा एक्शन कमेटी बनी थी।

अपने को सेक्युलर घोषित करने वाले भी मंदिर निर्माण के विरोधी थे। नरेंद्र मोदी सरकार ने कोर्ट में शीघ्र सुनवाई का मार्ग प्रशस्त किया। इससे सदियों से लंबित समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। 26 मई को मंदिर का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। तीन तलाक पर प्रतिबंध भी नरेंद्र मोदी सरकार के कारण संभव हुआ। अनेक मुस्लिम देश इस पर रोक लगा चुके है लेकिन भारत में रोक की बात को ही साम्प्रदायिक करार दिया जाता था लेकिन मोदी सरकार ने इसकी कोई चिंता नहीं की। उसने पहल की, अंततः तीन तलाक की कुप्रथा समाप्त हुई। मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला। अनुच्छेद 370 और 35 A का विरोध करना भी साम्प्रदायिकता माना जाता था। सेक्युलर दिखने के लिए इन अलगाववादी प्रावधानों का समर्थन जरूरी था। संसद में इस पर चली बहस से यह प्रमाणित भी हुआ। इसके हटने पर गम्भीर परिणाम की चेतावनी तक दी गई लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ने इसको हटा कर ही दम लिया। देश में सत्तर वर्ष बाद एक विधान एक निशान लागू हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है।

सरकार के प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण व राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। मोदी ने दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। भारत में दुनिया को चकित और प्रेरित करने का सामर्थ्य है। लेकिन इसके लिए पहले देश को आत्मनिर्भर बनाना होगा। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत आयात पर निर्भरता कम होगी। भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। सेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद के गठन किया गया। आपदा के इस दौर में उत्पीड़ित लोगों को भारतीय नागरिकता मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके विरोध में जम कर हंगामा हुआ था। हंगामे के समर्थन करने वाले दलों व इसे लागू ना करने वाली राज्य सरकारों को शर्मिंदा होना चाहिए।

आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे। लेकिन पिछले पिछले महीनों में ही साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी कनेक्शन दिए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान लागू की गई। इसके दायरे में पचास करोड़ लोग है। नौ सालों में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किये जा रहे हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं। दशकों से लंबित अनेक योजनाएं पूरी की गई। अनेक पुराने विवाद भी पूरी शांति और सौहार्द से सुलझाए गए हैं।

पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया। स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक पैकेज दिया गया। कोरोना काल में अस्सी करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधी दवा केन्द्र की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नये मेडिकल कालेज खुले है। यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है। युरिया को नीम कोटेड किया कलाबाजारी खत्म हुई। देश मे युरिया की कोई कमी नहीं है। बारह करोड़ लोगों को मुद्रा योजना से ऋण मिला। इतने ही किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। पिछली सरकारों के समय बावन सेटेलाईट लाँच किये थे। मोदी सरकार ने अब तक देशी विदेशी करीब तीन सौ सेटेलाईट लाँच कर चुकी हैं। यूपीए के समय ग्रामीण सडक से जुडी बस्ती मात्र पचपन प्रतिशत थी। अब करीब 95 प्रतिशत हैं.

नरेंद्र मोदी सरकार ने चालीस करोड़ लोगों के जनधन खाते खुलवाए। पहले ये लोग बैंकिंग सेवा से वंचित थे। आयुष्मान, उज्ज्वला और निर्धन आवास योजनाएं संचालित की गई। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया। भाजपा सरकार ने घर घर बिजली पहुंचाई। आठ करोड़ गैस कनेक्शन दिए। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि योजनाओं के एक रुपये में पन्द्रह पैसा गरीबों तक पहुंचता था। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान नरेंद्र मोदी ने किया है। आज पूरा पैसा सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है।

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

लेखक हिन्दू पीजी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफ़ेसर हैं.
प्रस्तुत विचार निजी हैं.